# प्रस्तावना

मानव संसार का सर्वश्रेष्ठ प्राणी है। इसमें चिंतन की शक्ति है जिसके द्वारा यह प्राचीन काल से सब पर शासन करता आया है। आज प्रकृति भी इसके सामने नतमस्तक है। संसार के सम्पूर्ण ऐश्वर्य के पीछे मानव मास्तिष्क के विकास का इतिहास गुंथा हुआ है। लेकिन यह कभी नही भुलना चाहिए कि केवल मास्तिष्क का विकास एकांगी है। मस्तिष्क के साथ–साथ शारीरिक शक्ति का भी होना अनिवार्य है। अतः मास्तिष्क विकास के लिए जहां शिक्षा की आवश्यकता है, वहां शारीरिक शक्ति को प्राप्त करने के लिए क्रीड़ा की भी आवश्यकता है। दोनो एक दूसरे के आभाव में अपूर्ण है।

क्रीड़ा से अनेक लाभ हैं। इनका जीवन में विशिष्ट स्थान है। शारीरिक और मानसिक स्थिति को कायम रखने के लिए खेलो का बड़ा महत्व है। इस लिए प्राचीन काल से ही खेलो को महत्व दिया जाता रहा है। विद्यार्थी आश्रमों में अध्ययन के साथ–साथ विभिन्न प्रकार के खेलो में पारंगत होते थे, उस समय के खेल युद्ध की दृष्टि से महत्पूर्ण होते थे। धनुर्विद्या की शिक्षा का विशेष बोल–बाला था। खेलो से शरीर ही नही, अपितु इससे मस्तिष्क और मन का भी पर्याप्त विकास होता है, क्योकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इसमें संदेह नही की खेल विद्यार्थी जीवन के लिए अत्यन्त उपयोगी है। बहुत से विद्यार्थी क्रीड़ा में अधिक रूचि लेने के कारण अध्ययन से मुंह मोड़ लेते है यह कभी नही भूलना चाहिए की खेलो का महत्व भी शिक्षा के साथ ही हैं। अतः जीवन में शिक्षा के साथ–साथ खेलो के प्रति भी रूचि होनी चाहिए । जैसे मस्तिष्क और हदय का समन्वय अनिवार्य है वैसे ही शिक्षा और क्रीड़ा का भी समन्वय अनिवार्य है।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक मे सत्र 2016–2017 के अन्तर्गत महाविद्यालय में खेल के विभिन्न आयोजनों मे से प्रमुख गतिविधियो का विवरण आपके समक्ष प्रस्तुत है–

**मृत्युंजय कुमार सिंह**
क्रीड़ा अधीक्षक











# योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्मृति शतरंज प्रतियोगिता

02 सितम्बर, 2016

योगिराज बाबा गम्भीरनाथ शताब्दी वर्ष समारोह के अन्तर्गत ०२ सितम्बर २०१६ को महाराणा प्रताप पी०जी०. कालेज, जंगल धूसड़ के एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। क्रीड़ा प्रभारी श्री मृत्युजंय कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में यह प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष श्री सुबोध कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए श्री सुबोध कुमार मिश्र ने कहा कि ''शतरंज महज एक खेल ही नहीं बल्कि द्वंद की तकनीकी को समझने एवं परिष्कृत करने का सबसे उन्नत माध्यम एवं मानसिक मजबूती का साधन है'' इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में ३० छात्रों तथा बालिका वर्ग में १२ छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग के फाइनल मैच में बी०एस०सी० तृतीय वर्ष के छात्र रामकिशोर ने बी०एस०सी०–तृतीय वर्ष के छात्र शिवांशु सिंह को पराजित कर विजेता का पदक प्राप्त किया। बलिका वर्ग के फाइनल मैच में बी०एस०सी०– तृतीय वर्ष छात्रा शशि चौहान ने बी०एस०सी०–तृतीय वर्ष की छात्रा रंजिता चौहान को हराकर विजेता का सम्मान प्राप्त किया।



**शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्राएं**









शाम तक चले इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए क्रीड़ा प्रभारी श्री मृत्युंजय कुमार सिंह ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० प्रदीप कुमार राव का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे और आयोजनों के लिए छात्र/छात्राओं को तैयार रहने की सीख दी। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। निर्णायक के रूप में आशीष राय तथा सिद्धार्थ शुक्ला ने अहम भूमिका का निर्वाह किया ।



**शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र**



**विजेता प्रतिभागी को प्रमाण पत्र देते हुए महाविद्यालय की प्रध्यापिका श्रीमती कंचन सिंह**

## समाचार पत्रों में प्रकाशित...

अमर उजाला

गोरखपुर । शनिवार । 3 सितंबर 2016

# शतरंज में रामकिशोर और शशि विजेता

गोरखपुर। योगीराव बाबा गंभीरनाथ शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता के बालक वर्ग में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र रामकिशोर ने बीएससी तृतीय वर्ष के ही छात्र शिवांशु सिंह को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। उधर, बालिका वर्ग के फाइनल मैच में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा शशि चौहान ने बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा रंजिता चौहान को हराकर विजेता बनीं। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचीन इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष सुबोध कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं और कर्मचारी मौजूद थे।









# युगपुरूष ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ स्मृति कैरम प्रतियोगिता

4 अक्टूबर, 2016

दिनांक 04 अक्टूबर 2016 को महाविद्यालय में युगपुरूष ब्रहालीन महन्त अवेद्यनाथ स्मृति एक दिवसीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता श्री नन्दन शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए उन्होनें कहा कि **''खेल उच्चतर मानसिक विधाओं का विकसित करने का अनूठा कारक है।''** इस प्रतियोगिता मे बालक वर्ग में 8 टीमों तथा बालिका वर्ग में 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग के फाइनल मैच में राघवेन्द्र प्रताप सिंह एम०काम० प्रथम वर्ष और जसवन्त कुमार बी०काम० तृतीय वर्ष ने सुधांशु यादव बी०ए० तृतीय वर्ष और सतीश चौरसिया बी–एस०सी० द्वितीय वर्ष को पराजित कर विजेता का सम्मान प्राप्त किया। बालिका वर्ग के फाइनल मैच में शिंवागी पाण्डेय बी०काम० प्रथम वर्ष और मनीषा श्रीवास्तव बी०काम० द्वितीय वर्ष ने तनु कुमारी बी०ए० तृतीय वर्ष और पूजा यादव बी०काम० प्रथम वर्ष को पराजित कर विजेता का सम्मान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के अन्त में क्रीड़ा प्रभारी श्री मृत्युजंय कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। निर्णायक के रूप में आशिष राय ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।।



**कैरम प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय की छात्राएं**






कैरम प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय की छात्राएं



कैरम प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र







कैरम प्रतियोगिता के प्रतिभाग करते हुए महाविद्यालय के छात्र छात्र







कैरम प्रतियोगिता के प्रतिभाग करते हुए महाविद्यालय क छात्र




















कैरम प्रतियोगिता के प्रतिभाग करते हुए महाविद्यालय क छात्र

# महाविद्यालय संस्थापक सप्ताह समारोह

## 15 नवम्बर, 2016

आज दिनांक 15-11-2016 को संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत महाविद्यालय में योगीराज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति वालीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालीबाल प्रतियोगिता बालक वर्ग में 6 टीमों तथा बालिका वर्ग में 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। कबड्डी बालक वर्ग में 5 टीम तथा बालिका वर्ग में 3 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ रक्षा अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ० अंशुमान सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए खेल बहुत ही महत्वपूर्ण है।

वालीबाल प्रतियोगिता बालक वर्ग का फाइनल मैच कला संकाय तथा छात्र संघ के मध य खेला गया। कला संकाय के छात्र संघ को 25-19, 25-19 से हराकर विजेता का सम्मान प्राप्त किया। कला संकाय ने खिलाड़ी आकाश साहनी का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा। बालिका वर्ग में लक्ष्मीबाई टीम ने मीराबाई टीम को 25-18,13-25,25-21 से हराकार विजय प्राप्त किया। लक्ष्मीबाई टीम की खिलाड़ी शशि चौहान में उम्दा प्रदर्शन किया।

कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग का फाइनल मैच योगीराज बाबा गंभीरनाथ सेवाश्रम तथा छात्र संघ के मध्य खेला गया जिसमें छात्र संघ को 22-16 से विजयी घोषित किया गया। योगीराज गंभीरनाथ सेवाश्रम के छात्र आकाश यादव ने सराहनीय प्रदर्शन किया। कबड्डी प्रतियोगिता बालिका वर्ग में कला संवर्ग तथा मीराबाई की टीम मे मध्य फाइनल मैच खेला गया जिसमें कला संवर्ग को 31-12 से विजयी घोषित किया गया।

निर्णायक के रूप में डॉ० प्रज्ञेश कुमार मिश्र तथा श्री नन्दन शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के अन्त में क्रीड़ा प्रभारी डॉ० मृत्युंजय सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।
















वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र















वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती महाविद्यालय की छात्राएं

















**कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र**





कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती महाविद्यालय के छात्राएं

## समाचार पत्रों में प्रकाशित....

राष्ट्रीय सहारा 16 नवम्बर • 2016

# कला संकाय ने जीती वालीबाल प्रतियोगिता

गोरखपुर। महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ में हुई वालीबाल प्रतियोगिता में कला संकाय की टीम विजयी हुई। कला संकाय ने छात्रसंघ को 25-19, 25-19 से हराया। कला संकाय के आकाश साहनी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में शशि चौहान की बदौलत लक्ष्मीबाई टीम ने मीराबाई टीम को 25-19, 13-25, 25-21 के अंतर से पराजित किया। कबड्डी के फाइनल मैच में भी छात्रसंघ की टीम हार गई। योगीराज गंभीरनाथ सेवाश्रम के खिलाड़ियों ने 22-16 से जीत हासिल की। रेडर आकाश यादव ने टीम को जीत दिलाई। बालिका वर्ग में कला संकाय ने मीराबाई टीम को 31-12 से हराया।





क्रीड़ा गतिविधियां



## संस्थापक सप्ताह समारोह
## महंत दिग्विजयनाथ स्मृति एथलेटिक्स प्रतियोगिता
### 17 नवम्बर 2016

आज दिनाँक 17 नवम्बर 2016 को महाराणा प्रताप पी०जी० कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति 'एथलेटिक्स मीट' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता श्री नन्दन शर्मा ने किया, उन्होने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'मनुष्य में विभिन्न तरह के आवेश और मनोभाव होते है यदि मनुष्य इसे बाहर न निकाले तो वह मानसिक रूप से अस्वस्थ हो जाता है इन मनोभावों को खेल के माध्यम से बाहर निकालकर व्यक्ति स्वयं को स्वस्थ्य रख सकता है।'

(१). **इस प्रतियोगिता में १०० मी० बालक वर्ग में–** प्रदीप कुमार साहनी (बी०एस०सी० प्रथम वर्ष) पंकज कुमार यादव (बी०ए०–प्रथम), संतोष कुमार गुप्ता (बी०काम० तृतीय) और बालिका वर्ग में श्रेयसी सिंह (बी०ए०–द्वितीय), खुशबू (बी०ए० प्रथम) और प्रतिमा (बी०ए० प्रथम) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

(२). **भाला क्षेपण में–** मेहताब अली (बी०ए० तृतीय), सिद्धार्थ शुक्ल (एम०काम०–प्रथम) तथा अविनाश दूबे (बी०एस०सी०–प्रथम) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

(३). **लम्बी कूद–बालक वर्ग में–** शुभम् शर्मा (बी०काम० द्वितीय) शिवा मिश्रा (बी०ए०–प्रथम), अश्विनी प्रजापति (बी०काम०–द्वितीय) और **बालिका वर्ग में–** कुमकुम (बी०काम०–प्रथम), श्रेयसी (बी०ए० द्वितीय) तथा खुशबू (बी०ए०–प्रथम) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

(४). **गोला क्षेपण (बालक वर्ग में)–** शुभम् शर्मा (बी०काम०–द्वितीय), सिद्धार्थ पाण्डेय (बी०एस०सी०–तृतीय) एवं शिवा मिश्रा (बी०ए०–प्रथम) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर क्रीड़ा–प्रभारी डॉ० मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। निर्णायक के रूप में डॉ० अंशुमान सिंह, डॉ० प्रज्ञेश मिश्र तथा डॉ० मंजेश्वर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

















ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती महाविद्यालय की छात्राएं





ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के विद्यार्थी





लम्बी कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती महाविद्यालय की छात्रा सुश्री खुशबू



लम्बी कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती महाविद्यालय की छात्रा सुश्री श्रेयसी सिंह







**लम्बी कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय की छात्र**







गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती महाविद्यालय की छात्राएं












गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता महाविद्यालय के छात्र







भाला फेंक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र









## समाचार पत्र प्रकाशित.......



i next, Gorakhpur, 18 November 2016 | 6 | www.inextlive.com/gorakhpur

Elected child leaders are making child friendly villages in Jharkhand's mica mines. Fighting child labour, trafficking & child marriage.@k_satyarthi

PICS: I NEXT

ये है लांग जंप का जलवा.

# गौर से सुनिए, इनका टैलेंट बोलता है...

gorakhpur@inext.co.in

महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में एथलेटिक्स मीट ऑर्गनाइज की गई. संस्थापक सप्ताह समारोह के तहत महंत दिग्विजयनाथ की स्मृति में ऑर्गनाइज इस कॉम्प्टीशन का इनॉगरेशन कॉमर्स डिपार्टमेंट के प्रवक्ता नंदन शर्मा ने किया. इस दौरान स्टूडेंट्स ने फील्ड और ट्रैक इवेंट्स में जमकर दावेदारी पेश की. सौ मीटर रेस में प्रदीप कुमार सिंह ने बाजी मारी, वहीं जेवलिन थ्रो में मेहताब अली ने बाजी मारी, लांग जंप मेल कैटेगरी में शुभम शर्मा, फीमेल कैटेगरी में कुमकुम अव्वल रहीं. शॉर्टपुट में शुभम शर्मा चैंपियन बने. प्रोग्राम के लास्ट में स्पोर्ट्स प्रभारी डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी पार्टिसिपेंट्स के प्रति आभार व्यक्त किया. निर्णायक की भूमिका डॉ. अंशुमान सिंह, डॉ. प्रज्ञेश मिश्र और डॉ. मंजेश्वर ने निभाई.

यह कदम न रुकेंगे.

गर्ल्स नहीं किसी से कम.

मंजिल के लिए दौड़.

ये है मेल शॉटपुट.

जी हां, हमें भी आता है शॉटपुट.









## राष्ट्रीय सहारा 8 नवम्बर 2016



संस्थापक समारोह के अन्तर्गत एमपीपीजी कालेज जंगल धूसड़ में महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति एथलेटिक्स मीट में शामिल छात्र-छात्राएं। फोटो : एसएनबी

# सौ मीटर दौड़ में प्रदीप व श्रेयसी अव्वल

■ गोरखपुर।

सहारा न्यूज ब्यूरो।

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ में 'संस्थापक सप्ताह समारोह' के तहत आयोजित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति एथलेटिक्स दिवस मीट' में सौ मीटर बालक वर्ग में प्रदीप कुमार साहनी, भाला क्षेपण में मेहताब आली, लंबी कूद व गोला क्षेपण में शुभम शर्मा पहले स्थान पर रहे।

मीट का शुभारंभ वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता नंदन शर्मा ने किया। इस प्रतियोगिता के बालक वर्ग की सौ मीटर रेस में प्रदीप कुमार साहनी प्रथम, पंकज कुमार यादव, संतोष कुमार गुप्ता ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि बालिका वर्ग में श्रेयसी सिंह, सुजबू

> महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

और प्रतिमा क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। भाला फेंक के बालक वर्ग में मेहताब आली प्रथम, सिद्धार्थ शुक्ल द्वितीय व अनिकान्त दुबे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में शुभम शर्मा, अश्विनी प्रजापति ने पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में कुमकुम, श्रेयसी व सुजबू ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला क्षेपण में शुभम शर्मा प्रथम, सिद्धार्थ पाण्डेय द्वितीय व शिवा मिश्रा तीसरे स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता के समापन पर क्रीड़ा प्रभारी डा. मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया। निर्णायक के रूप में डा. अंशुमान सिंह, डा. प्रवेश मिश्रा व डा. ध्यानेश्वर ने भूमिका निभाई।











# महंत दिग्विजयनाथ स्मृति कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

## 21 दिसम्बर, 2016

आज दिनांक 21/12/2016 को महाविद्यालय में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ० प्रकाश प्रियदर्शी ने किया, उन्होने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि – खेल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है। खेल के द्वारा व्यक्ति में नेतृत्व, सहयोग एवं अनुशासन की भावना का विकास होता है।

इस प्रतियोगिता में कुल सात टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच कला संकाय और वाणिज्य संकाय के बीच खेला गया। वाणिज्य संकाय ने कला संकाय को 6 ओवर में कुल 44 रन का लक्ष्य दिया था, लेकिन कला संकाय की टीम 6 ओवर में कुल 41 रन पर ही सिमट गयी।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच कला संकाय और छात्र–संघ के बीच खेला गया। कला संकाय ने टास जीतकर पहले गेदबाजी करने का फैसला किया। छात्र संघ की टीम ने 11.3 ओवर में 75 रन बनाया इसके जवाब में कला संकाय की टीम ने 11 ओवर में ही 75 रनों के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। मैन ऑफ द मैच कला संकाय के ईश्वर को दिया गया तथा मैन ऑफ दी सीरीज छात्र–संघ टीम के खिलाड़ी साजिद हुसैन को दिया गया। अम्पायर के रूप में श्री अमित श्रीवास्तव, पिन्टू सिंह, डॉ० अंशुमान सिंह (रक्षा अध्ययन विभाग) एवं श्री आशीष राय ने कर्त्तव्य निर्वहन किया।

इस अवसर पर यहा विद्यालय के प्राध्यापको में प्रदीप वर्मा, डॉ० प्रज्ञेश मिश्र, डॉ० अभिषेक सिहं, श्री नन्दन शर्मा, डॉ० राय सहाय एवं डॉ० प्रवीन्द्र कुमार उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में पुरस्कार वितरल के अवसर क्रीड़ा प्रभारी डॉ० मूत्युंजय ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।





खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए डॉ0 महेन्द्र प्रताप सिहं





क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र







क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र















क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र







क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र















क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र















क्रिकेट मैच का आनंद लेते हुए महाविद्यालय के छात्र एवं शिक्षक







खिलाड़ियों से बात–चीत करते हुए उद्घोषक डॉ0 प्रदीप कुमार वर्मा











मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान करते हुए डॉ0 अभिषेक सिंह



मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान करते हुए डॉ0 अभिषेक सिंह



कला संकाय टीम को विजेता का पुरस्कार प्रदान करते हुए डॉ0 प्रज्ञेश मिश्र



छात्र संघ टीम को उपविजेता का पुास्कार प्रदान कते हुए डॉ0 अंशुमान सिंह





क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ी

**समाचार पत्र में प्रकाशित......**

अमर उजाला

गोरखपुर

बृहस्पतिवार, 22 दिसंबर 2016

6

# कला संकाय ने छात्रसंघ की टीम को हराया

गोरखपुर (ब्यूरो)। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में बुधवार को महंत दिग्विजय नाथ स्मृति कैनवस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजशास्त्र प्रभारी डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। कुल सात टीमों ने प्रतिभाग किया।

फाइनल मैच कला संकाय और छात्रसंघ के बीच हुआ। इसमें छात्रसंघ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 11.3 ओवर में 74 रन बनाए। कला संकाय की टीम ने 11 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। छात्रसंघ के खिलाड़ी साजिद हुसैन को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। कला संकाय के ईश्वर मैन ऑफ द मैच रहे। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. मृत्युंजय ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।











# भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत
# महंत अवेद्यनाथ स्मृति वालीबाल प्रतियोगिता
## 24 जनवरी, 2017

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं कीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में भारत–भारती पखवारा के अर्न्तगत आज दिनांक 24/01/2017 को महाराणा प्रताप पी०जी० कालेज, जंगल धूसड. में महन्त अवेद्यनाथ स्मृति वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग की कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता का शुभ–आरम्भ मनोविज्ञान विभाग क प्रवक्ता डॉ० प्रज्ञेश कुमार मिश्र ने किया। उन्होने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि ''विद्यार्थी जीवन में खेंलो का बड़ा ही महत्व है, खेलों से जहाँ विद्यार्थियो का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है वही पर विद्यार्थियों में अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और परिश्रम की भावना उत्पन्न होती है''।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच कला संकाय और विज्ञान संकाय के बीच खेला गया। विज्ञान संकाय ने कला संकाय को 25-19, 19-25 और 25-22 से हराकार विजेता का सम्मान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के प्रवक्ता श्री मंजेश्वर जी एवं प्राचीन इतिहास विभाग के प्रवक्ता श्री सुबोध मिश्र ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया एवं शुभकामनाएं दी। अन्त में क्रीड़ा प्रभारी मृत्युन्जय सिह जी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। निर्णायक के रूप में आशिष राय ओर विशाल सिह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री नन्दन शर्मा, डॉ० अभिषेक सिहं, डॉ० अविनाश प्रताप सिहं एवं श्री विरेन्द्र तिवारी जी उपस्थित रहे।















वालीबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए डॉ0 प्रज्ञेश मिश्र





वालीबाल प्रतियोगिता करते हुए महाविद्यालय के छात्र







वालीबाल प्रतियोगिता करते हुए महाविद्यालय के छात्र





वालीबाल प्रतियोगिता स्कोरिंग करते हुए महाविद्यालय के छात्र श्री आंशीष राय



विजेता का पुरस्कार प्रदान करते हुए श्री सुबोध मिश्र





खिलाड़ियो को पुरस्कार प्रदान करते हुए श्री सुबोध मिश्र एवं श्री मंजेश्वर



तिजेता टीम विज्ञान संकाय के खिलाड़ी

## समाचार पत्र में प्रकाशित......



# विज्ञान संकाय ने कला संकाय को हराया

गोरखपुर : महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत–भारती पखवारा के अंतर्गत मंगलवार को वालीबाल मैच खेला गया। फाइनल मैच कला संकाय व विज्ञान संकाय की टीम के बीच हुआ। विज्ञान संकाय ने 25–19, 19–25 व 25–22 के सेट में जीत हासिल की।

## भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत
## योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्मृति बैडमिण्टन् प्रतियोगिता
### 21 जनवरी, 2017

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारत–भारती पखवारा के अन्तर्गत आज 21/01/2017 को महाराणा प्रताप पी०जी० कालेज जंगल धूसड़, में 'योगिराज बाबा गंभीर–नाथ स्मृति' बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मनोविज्ञान विभाग की प्रवक्ता डॉ० अपर्णा मिश्रा ने किया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग के कुल–34 (चौतीस) तथा बालिका वर्ग की कुल 10 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। डॉ० अपर्णा मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि **''अध्ययन के साथ खेल मनुष्य के सर्वांगीण विकास में सहायक है। खेल से विद्यार्थियों में धैर्य, सहनशीलता तथा क्षमता जैसे शील गुणों का विकास होता है।''**

बालिका वर्ग के फाइनल मैच में शिप्रा शर्मा (बी०एस०सी द्वितीय) और प्रिया गुप्ता (बी०एस०सी० द्वितीय) ने प्रियंका दूबे (बी०काम० तृतीय) तथा किरण साहनी (बी०काम०–तृतीय) को 21-18, 21-19, पराजित किया।

बालक वर्ग– के फाइनल मैच में आनन्द गुप्ता (बी०एस०सी० तृतीय) ने शुभम् शर्मा (बी०काम० द्वितीय) और साजिद हुसैन (बी०काम० प्रथम) को 21-28, 21-19 से पराजित कर विजयी घोषित हुए।

प्रतियोगिता समापन अवसर पर रक्षा अध्ययन विभाग के प्रवक्ता डॉ० अभिषेक सिंह ने सभी विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया एवं शुभ कामनाएं दी। अन्त में क्रीड़ा प्रभारी डॉ० मृत्युंजय सिह ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। निर्णायक के रूप मे डॉ० प्रज्ञेश मिश्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ० अविनाश प्रताप सिंह, श्री वीरेन्द्र तिवारी, श्री सुबोध मिश्र, श्री नन्दन शर्मा एवं श्री आशीष राय उपस्थित रहे।











बैडमिंटन प्रतियोगिता करती हुई महाविद्यालय की छात्राएं



छात्राओं को पुरस्कार प्रदान करती हुई सुश्री अपर्णा मिश्रा



पुरस्कार प्राप्त करने के बाद प्रसन्न मुद्रा में महाविद्यालय की छात्राएं















बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए महाविद्यालय के छात्र













बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए महाविद्यालय के छात्र






बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरस्कार प्रदान करते हुए डॉ0 अभिषेक सिंह

## समाचार पत्र मे प्रकाशित...

आज गोरखपुर, रविवार २२ जनवरी, २०१७



योगीराज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में दिखी खेल दक्षता

गोरखपुर, २१ जनवरी। महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत आज योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

डॉ. अपर्णा मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अध्ययन के साथ खेल मनुष्य के सर्वांगीण विकास में सहायक है। बालिका वर्ग के फाइनल मैच में शिप्रा शर्मा और प्रिया गुप्ता ने प्रियंका दुबे तथा किरण साहनी को २१-१८, १९-२१ तथा २१-१६ से पराजित किया। बालक वर्ग के फाइनल मैच में आनन्द गुप्ता और राजन प्रताप सिंह ने शुभम् शर्मा और साजिद हुसैन को २१-१८, २१-१९ से पराजित कर विजयी घोषित हुए। निर्णायक के रूप में डॉ. प्रज्ञेश मिश्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, वीरेन्द्र तिवारी, सुबोध मिश्र, नन्दन शर्मा एवं आशीष राय उपस्थित रहे।












## समाचार पत्र मे प्रकाशित...

अमर उजाला
गोरखपुर
रविवार, 22 जनवरी 2017
7

न्यूज डायरी

# बैडमिंटन का फाइनल शिप्रा और प्रिया ने जीता



प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ में योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्मृति में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग के फाइनल मैच में शिप्रा शर्मा और प्रिया गुप्ता ने प्रियंका दुबे व किरण साहनी को 21-8, 19-21 और 21-16 से पराजित किया। बालक वर्ग के फाइनल मैच में आनंद गुप्ता और राजन प्रताप सिंह ने शुभम शर्मा व साजिद हुसैन को 21-18, 21-19 से पराजित किया। इस दौरान विजेताओं को रक्षा अध्ययन विभाग के प्रवक्ता डॉ. अभिषेक सिंह ने पुरस्कृत किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर

2 से 9 फरवरी, 2017

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर में प्रातःकालीन सभा में योग और व्यायाम करते हुए स्वयं सेवक/सेविकाएं।





**राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको/स्वयंसेविकाओं को योगाभ्यास कराते हुए डॉ0 बलवान सिंह**













राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको/स्वयंसेविकाओं को योगाभ्यास कराते हुए डॉ0 बलवान सिंह






**राष्ट्रीय सेवा योजना क सप्तदिवसीय शिविर के प्रातः सत्र में योगाभ्यास कराते हुए वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह**





राष्ट्रीय सेवा योजना क सप्तदिवसीय शिविर के प्रातः सत्र में व्यायाम कराते हुए श्री मृत्युंजय सिंह





राष्ट्रीय सेवा योजना क सप्तदिवसीय शिविर के प्रातः सत्र में पी.टी. करते हुए स्वयंसेवक





राष्ट्रीय सेवा योजना क सप्तदिवसीय शिविर के सायं सत्र में जूडो का प्रशिक्षण देते हुए श्री आदित्य प्रताप सिंह














**राष्ट्रीय सेवा योजना क सप्तदिवसीय शिविर के सायं सत्र में जूडो का प्रशिक्षण देते हुए श्री आदित्य प्रताप सिंह**





राष्ट्रीय सेवा योजना क सप्तदिवसीय शिविर के सायं सत्र में जूडो का प्रशिक्षण देते हुए श्री आदित्य प्रताप सिंह







